भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 156
मंगलवार, 2 फरवरी, 2021/13 माघ, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

त्रिवेणी संगमम

156 श्री ए. विजयकुमार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कन्याकुमारी में त्रिवेणी संगमम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनो पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार इसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में घोषित करने के लिए कदम उठाएगी; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत वर्ष 2016-17 में तमिलनाडु राज्य में 'तटवर्ती परिपथ का विकास' परियोजना को स्वीकृति दी है जिसमें त्रिवेणी संगमम में 380.82 लाख रुपए और कन्याकुमारी में 1278.30 लाख रुपए की राशि से अवसंरचना विकास संबंधी निर्माण कार्य शामिल है।

****